Title: Need to set up a ?Khelo India Centre? in Siddharthnagar district, Uttar Pradesh-Laid.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): मेरे संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर में लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों के आधार पर नीति आयोग द्वारा 112 आकांक्षी जिलों में सिद्धार्थनगर की पहचान की गई है। साथ ही मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में समृद्धि और आर्थिक विकास लाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। हाल ही में, प्रधानमंत्री की दृष्टि और दिशा के तहत, मैंने सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया था जहां बड़ी संख्या में उत्साही खिलाड़ियों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने अपने संबंधित खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके दिखाया। सिद्धार्थनगर खेल महोत्सव के दौरान खिलाड़ियों द्वारा जिले में एक खेलो इंडिया केंद्र कि मांग कि गई थी । जैसा कि हम जानते हैं केंद्र सरकार अगस्त 2023 तक देश में 1000 खेलो इंडिया केंद्र स्थापित करने जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि सिद्धार्थनगर जिले में ?खेलो इंडिया? केंद्र स्थापित करने की कृपा करे और इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त संख्या में कोच और प्रशिक्षक भी नियुक्त करें।